तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

11 राजधानी हुआ में छग राजभाषा दिवस सम्मेलन में जिले के ...

12 सेन समाज भवन निर्माण भूमि पूजन और ...







## खबर संक्षेप

### बेटी के ससुराल जाकर पिता ने की मारपीट

**बालोद।** बेटी के ससुराल जाकर पिता द्वारा बेटी को मारने की धमकी दी गई, जिसका बेटी द्वारा विरोध करने पर पिता ने बेटी व उसके पति के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद बेटी द्वारा अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कन्हारपुरी निवासी सिलेखा बघेल ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर को दोपहर करीबन 01 बजे मेरे पिताजी शिवनारायण बांधे मेरे ससुराल ग्राम भरदा आये और मेरी सास कमली बाई बघेल को पूछा कि मेरी बेटी सिलेखा कन्हारपुरी से आई है वो कहां है, मेरी सास के द्वारा घर में नहीं है कहने पर मेरे पिता शिवनारायण बांधे अपने हाथ में कोई ठोस वस्तु रखकर बोल रहे थे कि आज रहती तो जान से मार दुंगा, कहकर गाली गलौच कर चला गया। मैं मेरे पति महेश बघेल और मेरी डेढ सास दयाबती बांधे के साथ घर के मोटर साइकिल से ग्राम कन्हारपुरी गये, जहां पर मेरे पिता शिवनारायण बांधे घर पर थे, घर के सामने गली से पिता को आवाज देकर ▸▸ शेष पेज 10 पर

हादसा : पेट्रोल पंप के पास हुआ भीषण हादसा

# चारपहिया वाहन की ठोकर से बाइक सवार दंपत्ति में एक की मौत और एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

मोटर साइकिल के माध्यम से स्वास्थ उपचार के लिए जा रहे लोगों को माजदा ने ठोकर मार दिया। जिससे बाईक में सवार एक बुजुर्ग को गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। जिसके बाद बेटे द्वारा पिता को एक्सीडेंट करने वाले वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम करेंगांव झोलाटोला थाना मंगचुवा निवासी ज्ञानेश्वर भुआर्य पिता स्व0 रेलहा राम भुआर्य 43 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 08 नवंबर को मेरी मां विश्वासा बाई का उपचार कराने मोटर साइकिल सीजी 07 एपी 8050 से राजहरा आये थे और एक्स रे कराने के बाद वैद्यराज के पास गुडराटोला जाते समय करीब 1.30 बजे पेट्रोल पंप के पास से गुजरते समय गुण्डराटोला की ओर मुडने के दौरान राजहरा की ओर से जा रही माजदा सीजी 19 बीएम 8597 के चालक ने मेरे पिता व मां को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दी, जिससे दोनों रोड में गिर गये थे, इसकी जानकारी मेरी बहन अनुसुईया चंदेल जो मेरे जीजा के साथ आगे आगे चल रहे थे, उन्होने पूरी घटना की जानकारी दिये है, एक्सीडेंट से मेरे पिता के सिर में गंभीर चोंट आने से उपचार हेतु अस्पताल भिलाई में जाकर भर्ती किया था, जिसका उपचार के दौरान 10 नवंबर को शाम को मृत्यु हो गई, जिसकी कार्यवाही थाना सुपेला भिलाई में किया गया, मां विश्वासा बाई को किसी प्रकार की चोंट नहीं आई है।

■ घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

## ट्रक ने वृद्ध महिला को कुचला, मौके पर मौत, ड्राइवर गिरफ्तार



**बालोद।** थाना क्षेत्र के ग्राम मेढ़की में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएफ 8199 ने सड़क से गुजर रही एक वृद्ध महिला को कुचल दिया। घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। आरोप है कि ड्राईवर शराब के नशे में धुत था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर ही ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया।


मृतका की पहचान मकतूला साहू 75 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह ग्राम सभा से पैदल अपने घर लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मामले मे पुलिस पर बालोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लेखु भी ग्राम मेढ़की का ही बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वह ट्रक को लेकर अपने गांव आया था और इसी दौरान हादसा हो गया। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नशे में वाहन चलाने की वजह से यह दर्दनाक दुर्घटना हुई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# तुंहर ऐप में तकनीकी समस्या से किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

धान खरीदी कार्य मे किसानों को धान बेचने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन तुंहर एप्स के माध्यम से टोकन काटा जा रहा है, किंतु टोकन नहीं कटने से किसान हताश नजर आ रहे हैं, कम मात्र मे टोकन कटने से धान खरीदी केंद्रों में मायूसी छाई हुई है।

क्योंकि कम मात्र में धान खरीदी होने से गिने चुने गिनती के नजर किसान आते हैं। आपको बता दें कि शासन द्वारा एप के माध्यम से किसानों के लिए टोकन टोकन काटा जा रहा है, किंतु किसानों ने बताया कि इस वर्ष टोकन काटने के लिए ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि टोकन के लिए सुबह 8 से शाम 5 तक का समय दिया गया है, किंतु 8 बजकर 1 से 2 मिनट के अंदर पूरी मात्र में टोकन कट जाता है जिसका कारण लिमिट खरीदी हो रही है। किसानों ने बताया कि शासन द्वारा ज्यादा मात्र में खरीदी करने से किसानों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती, किसान सुबह अन्य काम को छोड़कर टोकन काटने के लिए लगे रहते हैं। वही किसानों ने बताया कि इस वर्ष टोकन एप्स के माध्यम में बदलाव किया गया है, जिसमें टोकन के लिए एक ही दिनांक का मात्र में दिखाया जाता है, जिसके चलते गिने–चुने किसानों का टोकन कट जाता है, जबकि किसानों के अनुसार एप्स के माध्यम से चार से पांच दिनों तक का खरीदी की मात्र दिखाया जाता था जिसके चलते किसान द्वारा अलग–अलग दिनांक में टोकन काटा जाता था, किंतु इस वर्ष एप्स में एक ही दिनांक दिखाया जा रहा है। किसानों ने शासन से ज्यादा मात्र में धान खरीदने की शासन प्रशासन से मांग की है।




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



# नई पंजीयन गाइडलाइन को लेकर बढ़ा विरोध, विभागीय मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जमीनों के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी, पंजीयन सहित अन्य शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह शासन की हठधर्मिता है, जिसकी वजह से जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 500 से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि समझ से परे है। जमीन का कारोबार पूरी तरह से ठप पड़ गया है। इधर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों में राहुल शर्मा, आकाश वर्मा, अशोक जैन, लाभचंद पारख, जयंत कुमार, अमित यादव, कमलेश पांड़े सहित अन्य ने रैली निकाली। इसके बाद शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पटेल चौक में पुतला फूंका। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र प्रदर्शन होंगे। प्रदर्शन के दौरान मनोज राजपूत भिखारीनुमा ड्रेस पहनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीख मांगा। फटे पुराने कपड़े में वे नजर आए। बता दें कि हर दिन उनके द्वारा अलग-अलग तरीके से शासन की इस नीति का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## जेआरडी स्कूल के सामने पिछले पांच दिनों से दे रहे धरना

### नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच हुई झूमाझटकी

शाम के समय विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी के बीच अचानक प्रदर्शनकारी पुतला लेकर पहुंच गए। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी, इसके बाद अचानक पुतले में आग लगा दी। इस बीच पुलिस कर्मियों ने पुतला छीनने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी पुतला जलाने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने पानी लाकर पुतले में डाला। आयोजकों ने बताया कि कल सद्बुद्धि यज्ञ किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के किसान, जमीन कारोबारी शामिल होंगे। अब तक प्रदर्शन के कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने समर्थन दिया है।






### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन को दिया समर्थन

दुर्ग में जारी इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि सरकार के इस तानाशाही निर्णय के विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस का समर्थन है। वर्तमान भाजपा सरकार किसी का भला नहीं चाहती। पंजीयन शुल्क के बढ़ने से किसको फायदा है। जमीन की रजिस्ट्री ऑफिस में सन्नाटा पसरा है। पहले किसान और आम नागरिक को अपनी जमीन बेचने में आसानी थी। मध्यम वर्गीय परिवार भी जमीन ले सकता था। अभी वर्तमान 50 लाख की जमीन दर 90 लाख कर दी गई है। इस तानाशाही निर्णय को वापस लेना ही होगा। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा विखं धमधा में संविधान दिवस पर चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। चित्रकला में नीता जोशी, आंकाक्षा वर्मा, चंचल साहू, खिलेश्वर पटेल, शुभम वर्मा, जिया के चित्रकला सहरानीय रही। कार्यक्रम में छ मौलिक अधिकार को चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया। वहीं सामान्य ज्ञान परीक्षा में आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम दिव्यांका वर्मा, द्वितीय किशन व तृतीय परमेश्वर रहे। प्रश्न निर्माण में श्री बघेल का सहयोग, श्री देशमुख ने दिया कक्षा सातवीं और छठवीं के बच्चों को प्रोजेक्ट के माध्यम से संविधान निर्माण की गाथा को दिखाया गया। संविधान के उद्देशिका का शपथ ग्रहण स्वास्थ्य विभाग की डॉ. हिसीकर द्वारा कराया गया जिसमें समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

### मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष चौक, डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग निवासी शारदा बंजारे की विगत 7 नवंबर 2024 को जोरातरई नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप सहायता स्वीकृत की गई है।

## वार्ड परिक्रमा : नालियों पर कब्जा, अधूरे काम और बदबू से त्रस्त लोग

# कैलाश नगर वार्ड चढ़ा बेजा कब्जे की भेंट, नाली जाम होने से फैल रही गंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कैलाश नगर वार्ड 21 निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते बेजा कब्जे की भेंट चढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि लोगों ने नालियों तक में कब्जा कर लिया है।इससे नालियां जाम हो रही हैं और उससे चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है। यहां सफाई व्यवस्था भी लंबे समय से चरमराई हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले विकास की रफ्तार ठीक थी, लेकिन अब वार्ड पूरी तरह उपेक्षित हो गया है। हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण के दौरान नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 21 कैलाश नगर पहुंची। यहां सबसे बड़ी तकलीफ नालियों की देखने को मिली। कई इलाकों में लोगों ने नालियों पर पक्के कब्जे कर लिए हैं। वहीं कई जगहों पर सफाई की कमी से नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। बदबू के कारण लोग दरवाजे बंद करके रहने को मजबूर हैं।

## कैलाश नगर वार्ड 21 की दुर्दशा



कैलाश धाम शिव मंदिर के पास अधूरी बनी नाली।



### अधूरी नाली से परेशानी

कैलाश नगर वार्ड 21 में हालात कितने बिगड़े हुए हैं, इसका साफ उदाहरण कैलाश धाम शिव मंदिर के पास देखने को मिला। मोहल्लेवासी अर्जुन यादव ने बताया कि उनका परिवार यहां करीब 50 साल से रहता है। यहां नालियों की सफाई समय पर नहीं हो रही है।



अर्जुन यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले में नाली का काम शुरू हुआ था, लेकिन कुछ दूरी बाद अचानक खत्म कर दिया गया। नाली अधूरी बनने के कारण मोहल्ले के कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शौचालय की कमी से व्यापारी परेशान

कैलाश नगर वार्ड 21 मार्केट के व्यापारी एचके भट्ट ने बताया कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जरूरत पड़ने पर व्यापारियों को इधर उधर भटकना पड़ता है। कई बार शिकायत के बाद अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हुई। सड़क का हाल भी बेहतर नहीं है। सड़क जरूर बनाई गई,



पर गुणवत्ता कमजोर थी। कुछ ही महीनों में डामर उखड़ने लगा और जगह-जगह गड्ढे बन गए। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास तो हाल और खराब है। वहां नाली ही नहीं है। घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है। कीचड़ जमा होने से दलदल जैसी स्थिति बन गई है।

### पार्षद नहीं दे रही लोगों की समस्याओं पर ध्यान

कैलाश नगर में कई जगह पर अधूरी नाली का निर्माण किया गया है। इस कारण नाली का गंदा पानी पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के समय काम की रफ्तार ठीक थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद वार्ड की उपेक्षा बढ़ी है। दिलचस्प यह है कि वार्ड की पार्षद कांग्रेस से हैं, पर लोगों का आरोप है कि उन्होंने भी अब विकास पर ध्यान देना बंद कर दिया है।

### ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरुरत - पार्षद नेहा साहू

वार्ड 21 कैलाश नगर की पार्षद नेहा साहू ने बताया कि कैलाश नगर जैसे पुराने इलाकों को सबसे ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरूरत है, लेकिन शासन बदलने के बाद हालात उलट गए। फंडिंग रोक दी गई और इसका सीधा असर बुनियादी सुविधाओं पर पड़ा। उनके मुताबिक 2022-23 में सड़क और सीवरेज के लिए 80 लाख का टेंडर निकल चुका था, लेकिन सरकार बदलते ही वह भी रोक दिया गया। नतीजा यह कि लोगों को आज भी टूटी सड़कें, कमजोर नालियां और अव्यवस्थित ड्रेनेज जैसी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। अवैध कब्जों की शिकायतें भी प्रशासन तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। बड़े नाले के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, पर उस पर भी मंजूरी नहीं मिली। नेहा साहू का आरोप है कि कुरूद में अवैध प्लॉटिंग वाली जगह पर एक व्यक्ति विशेष के लिए सड़क बना दी गई, जबकि यही सड़क कैलाश नगर के लिए प्रस्तावित थी। उन्होंने बताया कि विकास कार्य तभी आगे बढ़ सकते हैं जब प्रशासन फंडिंग जारी करे।

# एसआईआर को लेकर मंत्री गजेंद्र पहुंचे मतदाताओं के बीच



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति का जायज़ा लेने शुक्रवार को मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डों में व्यापक भ्रमण किया। वार्ड 44 गुरुघासीदास नगर में उन्होंने बीएलओ एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों से गणना फॉर्म की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और शेष कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री यादव ने वार्ड के नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे बीएलओ का सहयोग कर गणना फॉर्म शीघ्र भरें, ताकि निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा हो सके।

निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों में एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति, लंबित कार्य और समस्याओ के निदान करने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिन मतदाताओं के मतदान केंद्र बदले गए हैं, उनके फॉर्म में शिफ्टिंग स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि प्रत्येक मतदाता का गणना फॉर्म अनिवार्य रूप से भरा जाए।

गजेन्द्र यादव ने नागरिकों को एसआईआर की महत्वूर्ण भूमिका समझाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल निर्वाचन व्यवस्था को मजबूत बनाती है बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से ज़मीन पर लागू करने में भी सहायक है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाए। व्यक्तिगत जिम्मेदारी से वे अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास गणना पत्र भरकर जमा करे। मतदाता जिस मतदान केंद्र के क्षेत्र की छोड़कर अन्यत्र शिफ्ट हो चुके है। छोड़ चुके मतदान केंद्र से अपना नाम हटवाए और जिस केंद्र में स्थाई रूप से निवास कर रहे है उस मतदान केंद्र में वे अपना नाम जुड़वाएं। इस अवसर पर पार्षद सरिता चंद्राकर, मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, गुलशन साहू, प्रकाश गीते, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, आसिफ अली, विनोद चंद्राकर, अनिकेत यादव, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहे।

# नए श्रम कानून का श्रमिकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केंद्र सरकार के चार नए श्रम क़ानूनों के विरोध छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (मज़दूर कार्यकर्ता समिति) ने किया है। इसे लेकर श्रमिकों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री एवं अन्य को संबोधित ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले मज़दूरों और आम नागरिकों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम क़ानूनों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण रैली के बाद प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री तथा भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दुर्ग के श्रम आयुक्त के माध्यम से सौंपा गया। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त कार्यालय के बाहर सैकड़ों श्रमिक, महिला मज़दूर, ठेका मज़दूर, संगठित व असंगठित क्षेत्र के कर्मी,



छात्र-युवा एवं विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्र सरकार के श्रमिक-विरोधी एवं कॉर्पोरेट-पक्षधर निर्णयों के खिलाफ नारे लगाए गए। चारों श्रम क़ानूनों को वापस लेने तथा छत्तीसगढ़ में इन्हें लागू न करने की माँग प्रमुख रूप से उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि चारों श्रम संहिताएं (क़ानून) मिलकर पिछले दशकों में मज़दूर वर्ग द्वारा संघर्षों के माध्यम से हासिल बुनियादी अधिकारों जैसे स्थायी रोज़गार, उचित मज़दूरी, ओवरटाइम का भुगतान, सुरक्षा मानक, ट्रेड यूनियन मान्यता और सामूहिक सौदेबाज़ी को कमज़ोर करती हैं। इनके लागू हो जाने से ठेका मज़दूरी, असुरक्षित काम, लंबी कार्य अवधि और मनमाने ढंग से छँटनी व लॉकआउट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के श्रमिकों की स्थिति और बदतर होगी। इस अवसर पर भुवन साहू, मोहम्मद अली, संतोष यादव, कल्याण पटेल, लक्ष्मण, नकुल, निरा दसमत, संजना, इंसरात्तमा, के बाल्लमा, वाई सुशीला, लाखन, ब्रम्हा, चंचला दीप, निलेंद्री, व्यास दीप, कलादास डहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# गांजा तस्कर गिरोह का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कुम्हारी थाना पुलिस ने गांजा तस्करी मामले के फरार मुख्य आरोपी शाहिद अहमद को नागपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 क्विंटल 88 केजी गांजा जिसकी लगभग 60 लाख रुपए और कंटेनर

■ गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

वाहन कीमती 25 लाख रुपए, कंटेनर में भरा अन्य सामान कीमती 51 लाख रुपए कुल 1 करोड़ 53 लाख रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं। आरोपी शाहिद अहमद के खिलाफ धारा 20 (बी)आईआईसी, 25, 27 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई



की गई।

जानकारी के अनुसार विगत 7 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजा से भरा कंटेनर वाहन क्रमांक एलएन 01 एएच 9524 नेशनल हाईवे से रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही है। टोल प्लाजा कुम्हारी में नाकेबंदी कर वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम उमेश यादव उम्र 46 साल, निवासी जय नगर जिला मधुबनी बिहार का निवासी बताया। उसने बताया कि कंटेनर में आमतल्ला कोलकाता पश्चिम बंगाल से सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। इस दौरान रास्ते में ग्राम बारकोड़, देवघर उड़िशा में परिचित का राहुल मिला। राहुल ने 13 बोरी गांजा नागपुर में शाहिद के पास छोड़ने बोला था। प्रत्येक बोरी का 5000 रुपए में सौदा हुआ था। कंटेनर लॉक होने से उसके नट निकालकर गेट खोला और उसमें गांजा भरकर नागपुर लेकर जाना स्वीकार किया। उसने बताया कि इसके पूर्व भी एक खेप गांजा शाहीद के पास नागपुर छोड़ा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी उमेश यादव, मुस्ताक अहमद, फैयाज अंसारी से माल बरामद कर जेल भेजा था। मुख्य आरोपी 36 वर्षीय शाहिद अहमद का फरार था। आरोपी शाहिद अहमद की यशोधारा नगर संगम चौक नागपुर में उपस्थिति का पता चलने पर कुम्हारी पुलिस वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

# नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आकस्मिक सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सिंटर प्लांट्स–2 में सड़क सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक "सड़क पर ध्यान" का आयोजन विभाग के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह तथा विभागाध्यक्ष जगेंद्र कुमार उपस्थित थे। राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पूरे संयंत्र में आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि हर कर्मचारी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनाएं। नुक्कड़ नाटक सिंटर प्लांट्स–2 विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनमें अधिकांश संविदा कर्मी थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुति की सराहना की ।

## पेज 9 का शेष

### बेटी के ससुराल जाकर पिता ....

बोली कि क्यों मेरे ससुराल आये थे। तब मेरे पिता बोले घर में मिले रहते तो जान से मार दिया रहता, यह कहते हुए मेरे पिता के द्वारा घर में रखे कोई ठोस वस्तु को लेकर जान से मार दुंगा कहकर मेरे पास आ रहे थे, उसी समय मेरे पति और मेरी डेढ सास ने बीच बचाव किया। जिससे मेरे पति के बांये भुजा और डेढ सास के दाहिने हाथ के कलाई में चोट आकर खून निकला है।

## पांच हजार से ज्यादा ग्रामीणों को मिला रोजगार

# पानी सहेजने के लिए 10 हजार गड्ढे किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जल संचय एवं भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने हेतु मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं का निर्माण स्वीकृत किया गया है। मोर गांवद मोर पानी अभियान ने दुर्ग जिले में जल संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा और प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं और जल सुरक्षा के लक्ष्यों को साकार कर रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

■ भू-जलस्तर को बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा अभियान



### बारिश के जल को संरक्षण के लिए बनी कार्ययोजना

अभियान के प्रमुख उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को ग्रामीण स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी बनाना पारंपरिक जल स्रोतों कुएं, तालाब, जीर्णोद्धार विभिन्न तकनीकों से भूजल रिचार्ज बढ़ाना जल संकट की संभावनाओं को कम कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले में विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इससे वर्षा जल संचयन, मिट्टी संरक्षण और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### रिचार्ज प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा

अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग जगहों पर रिचार्जिंग प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा। दुर्ग के ग्राम दमोदा में 6.47 से 1678 कार्य दिवस में 1500 गड्ढे तैया किए गए। बोरई में 9.86 लाख से 3014 कार्य दिवस पर 2500 गड्ढे बनाए। अंजोरा ढाबा में 4.67 लाख से 912 कार्य दिवस में 1000 गड्ढे, धमधा के दारगांव में 7.62 लाख से 935 कार्य दिवस में 4502 गड्ढे बनाए गए हैं। रौंदा में 7.16 लाख से 456 कार्य दिवस पर 210 गड्ढे तैयार किए गए।

# एक बोरे में 300 ग्राम अधिक तौल, रकबा समर्पण नहीं, दो समिति प्रबंधकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

उपार्जन केंद्रों में धान की ज्यादा मात्रा खरीदी की शिकायत आखिरकार सही निकली। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में धान बोरे में अधिक तौल कराने की शिकायत पर कलेक्टर ने मौके पर धान बोरे की रेण्डम तौल करायी। जिसमें बोरा में 300 ग्राम धान की अधिक मात्रा पाई गई। कुर्मीगुण्डरा उपार्जन केन्द्र में धान बिक्री कर चुके ग्राम गब्दी के किसान चितरंजन लाल से मोबाईल पर चर्चा कर धान की उपज एवं रकबा समर्पण आदि के संबंध में जानकारी ली। किसान चितरंजन ने कलेक्टर को अवगत कराया कि उन्होंने उत्पादित धान फसल 55.20 क्विंटल धान की बिक्री कर चुके हैं। अब उनके पास बिक्री हेतु धान शेष उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने रकबा समर्पण नहीं होने की जानकारी दी। इस दोनों मामले में कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।



### तीन केंद्रों में पिछले साल से ज्यादा खरीदी

धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुंडरा, जामगांव (एम) और घुघुवा में पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अधिक खरीदी, वहीं पंदर में कम खरीदी हुई है। शुक्रवार तक धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुण्डरा में 8295 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें धान मोटा 2378 क्विंटल, धान पतला 2003 क्विंटल एवं धान सरना 3914 क्विंटल शामिल है। जबकि गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 7006 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में 5940 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 5346 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसी प्रकार घुघवा उपार्जन केन्द्र में 4750 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

## खबर संक्षेप

### एड्स दिवस पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**बालोद।** अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त पीजी महाविद्यालय बालोद में एक दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम 01 दिसम्बर का आयोजन किया गया है। इसमें सभी महाविद्यालय एवं नर्सिंग कालेज के छात्र छात्राएं भाग लेंगे एवं एड्स जागरूकता संबंधी रंगोली व नाटक की प्रस्तुति भी देंगे। इसमें मुख्य रूप से राज्य चेयरमेन छग तोमन साहू, प्रबंध समिति सदस्य रेडक्रॉस, अतिथी वक्ता डॉ प्रदीप जैन चेयरमैन रेडक्रॉस बालोद व जिला कार्यक्रम अधिकारी एड्स, मलेरिया, कुष्ठ डॉ जीआर रावटे व प्रत्येक महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहेंगे।

### सट्टा खिलाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सट्टा खिलाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 7 नग सट्टा पट्टी और 33800 रुपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से सट्टा चल रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कचहरी के सामने दबे पेट्रोल पंप के पीछे, पोलसायपारा तालाब के पास दुर्ग एवं नल घर शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग के पास मोहम्मद अजहर उम्र 22 वर्ष, लुचकीपारा, मिर्जा अहमद बेग उम्र 41, इंदिरा कॉलोनी पोटिया रोड निवासी कमल नागेश उम्र 22 वर्ष और हटरी बाजार जामा मस्जिद के पास निवासी मोहम्मद नासिर उम्र 53 को सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### बीच सड़क में चाकू से काटा केक दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार



**दुर्ग।** बीच सड़क पर जन्मदिन का केक काटना युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया में दहशत फैलाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। सभी को रिमांड पर भेजा गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोचीपारा दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोचीपारा दुर्ग निवासी अंकित कुरील 18.2 वर्ष, अशोक मालापुर उम्र 35 वर्ष, प्रेम चंद्राकर उम्र 22 वर्ष एवं दो नाबालिग बालकों द्वारा वर्मा इलेक्टॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिक दुकान के सामने रविदास मंदिर के पास मोचीपारा दुर्ग में बीच सड़क पर बाइक पर लोहे के धारदार चाकू से जन्मदिन का केक काटने के बाद सोशल मीडिया इन्स्टाग्राम में अपलोड किया गया।

## निधन

### अनुसुइया बाई देवांगन

**बालोद/निकुम।** ग्राम मोहंदीपाठ निवासी अनुसुइया बाई देवांगन 73 वर्ष का निधन हो गया है, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मोहंदीपाठ मुक्ति धाम में किया गया, वे ग्राम के वरिष्ठ व सेवानिवृत्त शिक्षक भावसिंह देवांगन की धर्मपत्नी व शिक्षक जितेंद्र देवांगन, शैलेन्द्र देवांगन, छबील देवांगन माता थी।



### रमेश गुप्ता

**डौंडीलोहारा।** नगर के संजय नगर निवासी रमेश गुप्ता पिता छोटे लाल गुप्ता 58 वर्ष का निधन शनिवार को सुबह हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन, मित्रगण व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। वे विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता के बड़े भाई थे।



---

**आयोजन : नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र मिला**

# जिला साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र ने कैंसर पीड़ितों के लिए अलग निधि बनाने की पहल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद




शनिवार को जिला साहू संघ के सभागार में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष टुमन साहू, महिला उपाध्यक्ष भानूमती साहू, संगठन सचिव पुरुषमदन सोनबरसा एवं महिला संगठन सचिव छबि सार्वा को निर्वाचित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अध्यक्ष बनते ही महेन्द्र साहू ने कैंसर पीड़ितों के सहायतार्थ अलग निधि बनाने की पहल की। मुख्य पर्वक्षक राजकुमार साहू महासमुंद, सहायक पर्वक्षक महासमुंद रिषी साहू ने प्रमाण पत्र वितरण किया।

- सभी पदाधिकारियों ने समाज संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया

जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि समाज के संगठन बनाने के लिए सभी समाज के लोगो का सहयोग जरुरी है। मुझे उम्मीद नहीं था कि मै जिला साहू संघ के लिए निर्वाचित हो पाऊंगा, लेकिन सभी के सहयोग से मुझे निर्विरोध चुना गया। संगठन को नये सिरे से मजबूत करने के लिए सभी का सहयोग की आवश्यकता है। जिला साहू संघ के द्वारा कैंसर पीड़ित लोगो के लिए एक अलग से राशि एकत्रित करना पडेग़ा ताकि पीड़ित परिवार को समाज की ओर सहयोग मिल सके। उपाध्यक्ष टुमन साहू ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए समाज का सहयोग जरुरी है। महिला उपाध्यक्ष भानुमति साहू ने कहा कि धर्मांतरण के लिए भी सभी का सुझाव जरुरी है, साथ ही समाज के लोग अन्य समाज के साथ शादी कर लेते है उसके लिए भी सुझाव जरूरी है। संगठन सचिव मदन सोनबरसा ने कहा कि संगठित समाज के लिए सभी पदाधिकारियों को मजबूती से काम करना होगा।

महिला संगठन सचिव छबि सार्वा ने कहा कि समाज के विकास के लिए संगठन जरूरी है, मंच मे पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व प्रदेश महामंत्री हलधर साहू, पूर्व प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपाल साहू, पूर्व अध्यक्ष किशोरी साहू, कृष्णा साहू, नगर पालिका अध्यक्ष दल्लीराजहरा तोरण साहू, कृष्णा साहू उपस्थित थे। समाज के लोगो ने मां कर्माकी पूजा अर्चना कर आरती की।

बालोद जिले के सभी तहसील अध्यक्ष गुरुर मिथलेश साहू, बालोद प्रेमलाल साहू, लोहारा परमानंद साहू, देवरी नरेन्द्र हिरवानी, दल्लीराजहरा शीतल साहू, डौण्डी हिंसाराम साहू, अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, गुण्डरदेही मानसिह सार्वा इस दौरान उपस्थित थे।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर खेदूराम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, तुकाराम साहू, बाबूलाल साहू, धनसाय साहू, रामदयाल साहू, जगत साहू, तहसील महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, डामेश्वरी साहू, लक्ष्मीचंद साहू, जानकी साहू, सूरजगोपाल साहू, दुर्गानंद साहू, संजय साहू, अशोक साहू, प्रदीप साहू, झालेन्द्र साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष चन्द्रहास साहू, पारख साहू, बाला राम साहू, लोकनाथ साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार साहू, नेतराम साहू, हेमूराम साहू, वीरेन्द्र साहडा, दुलारु साहू, पीलूराम साहू, एस राम साहू, ईश्वर गंजीर, चन्द्रा साहू, जानकी साहू, श्रवण महंत, गजानंद साहू, लीलेश्वर साहू एवं समाज सदस्य उपस्थित थे।

---

**सूने मकान में चोरी का खुलासा**

# सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा गया अपचारी बालक, जेवर और नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद



चिखलाकसा के सुने मकान में चांदी के जेवरात व नगदी रकम की चोरी के मामले में एक अपचारी बालक से चांदी के जेवर वा नगदी रकम जप्त करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली। पुलिस द्वारा चिखलाकसा से लोहारा, संजारी, करमरी, डोंगरगांव तक सैकड़ों सीसीटीवी कैमरा के फुटेज चेक किया गया, जिसमें संदिग्ध का फोटो मिला। जिसमे पुलिस टीम द्वारा लगातार कैंप कर सुराग निकाला गया। चिखलाकसा के सुने मकान में चांदी के जेवरात व नगदी रकम की चोरी के मामले में एक अपचारी बालक से चांदी के जेवर वा नगदी रकम जप्त करने बालोद पुलिस को सफलता मिली। पुलिस द्वारा चिखलाकसा से लोहारा, संजारी, करमरी, डोंगरगांव तक सैकड़ों सीसीटीवी कैमरा के फुटेज चेक किया गया, जिसमें संदिग्ध का फोटो मिला। जिसमे पुलिस टीम द्वारा लगातार कैंप कर सुराग निकाला गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की सूचना पर चतंजीपकी रिपोर्ट पर थाना राजहरा में धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। गठित टीम द्वारा चिखलाकसा घटना स्थल पहुंच कर डॉग स्कॉट व साइबर सेल टीम थाना बालोद स्टॉप द्वारा घटना स्थल से सूचना प्राप्त कर आस पास गांव के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक कर अज्ञात आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। टीम द्वारा लगातार प्रयास से संदेही अपचारी बालक का पता चला, जिसे पकड़ कर पूछताछ करने पर चोरी की घटना करना बताया।

अपचारी बालक के कब्जे से 01 नग चांदी का करधन, 02 नग चांदी का पायल, नगदी रकम 30 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सीजी 08 एन 8180 टीवीएसस जप्त किया गया है। अपचारी बालक को न्यायिक रिमांड पर बाल सुधार गृह भेजा गया।

---

# व्याख्याता बनेंगे प्राचार्य, शिक्षा जगत में हर्ष

**टीचर्स एसोसिएशन के संघर्ष को मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सभी संघर्षशील साथियों के अथक प्रयास और संघर्ष के परिणाम पेंशन एवं संविलियन तक सफर के पश्चात अब शिक्षक के साथ साथ संस्था प्रमुखों, प्रधानपाठक और प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति एल बी संवर्ग के हम साथियों के लिए विशेष उपलब्धि है। एक सुखद अनुभूति का पल है।

संगठन के लगातार प्रयास व मांग साथ ही राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री आदरणीय गजेंद्र यादव, सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं समस्त अधिकारीगण के विशेष सहयोग से पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसी तारतम्य में विकासखंड डौंडीलोहारा में 1998 से कार्यरत एल बी संवर्ग के व्याख्याता वीरेंद्र कुमार भंडारी शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा, सरोज साहू शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहंदा, गोविंद राम भूआर्य शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी की पदोन्नति प्राचार्य के पद हुई है। साथ ही सभी पदोन्नत प्राचार्य को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू, बीरबल देशमुख प्रांतीय संगठन सचिव एवं ब्लॉक डौंडीलोहारा के अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू ने सभी को हर्ष है। संगठन के उपाध्यक्ष बृजमोहन मानिकपुरी, मनीष देशमुख, सचिव विजय पटेल, संयोजक संतोष देवांगन, बसंती पिंकेश्वर, जिला महासचिव आर एन योगी, शिवेंद्र बहादुर साहू जिला आई टी सेल प्रभारी, मोहित भौसार्य, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, महासचिव ओमप्रकाश पाथरे, ख़ेमन लाल साहू, महामंत्री परमानंद साहू,भूषण लाल मंडावी, संयुक्त सचिव महेंद्र देशमुख, सहसचिव रूपेश देशमुख, चंद्रभूषण साहू, बलराम सोनकर, महिला संगठन मंत्री गायत्री साहू ने बधाई प्रेषित किया है।

---

# राजधानी में हुए छग राजभाषा दिवस सम्मेलन में जिले के साहित्यकारों की रहीं उत्कृष्ट भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग एवं संस्कृति विभाग के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों का राजधानी रायपुर में सम्मेलन हुआ। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के इस कार्यक्रम अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल संस्कृति मंत्री,बृजमोहन अग्रवाल सांसद अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि पुरंदर मिश्रा विधायक ,अनुज शर्मा अभिनेता विधायक ,मोना सेन, रोहित यादव थे। छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति समर्पित साहित्यकारों का सम्मान हुआ। राजभाषा आयोग सचिव डॉ. अभिलाशा बेहार, संचालक विवेक आचार्य संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में पुरखा के सुरता के अंतर्गत दिवंगत हुए सुरेंद्र दुबे, सुरजीत नवदीप, केदार परिहार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए याद किया गया साथ ही कुल 13 किताबों का विमोचन भी किया गया। संविधान में छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग फिर से बुलंद हुई और छत्तीसगढ़ी में राजकाज हो, सबने एक साथ हुंकार भरी। छत्तीसगढ़ी भाषा के मान सम्मान की इस लड़ाई में बालोद जिले के साहित्यकारों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज की ।

- साहित्यकारों का सम्मान और भाषा के अधिकार की मांग



जिले के साहित्यकारो ने अपनी जबरदस्त काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी की महिमा को रेखांकित किया ।छत्तीसगढ़ की अस्मिता, छत्तीसगढ़ के विलुप्त होते धरोहर,भाषा ,संस्कृति को बचाने के इस मुहिम में छत्तीसगढ़ के 33 जिले के साहित्यकार शामिल हुए ।उक्त कार्यक्रम में बालोद जिले के का प्रतिनिधित्व करते हुए साहित्यकारों में प्रभारी जिला समन्वयक वीरेंद्र /"अजनबी/" के अलावा भरत बुलंदी, हर्षा हर्षराज, बुटु राम पूर्णे,विष्णु कोठारी, देवनारायण नगरिया ,गायत्री साहू शिवांगी, थानू राम सिन्हा,के मुरारी दास शामिल हुए । साहित्यकारों की छत्तीसगढ़ी में सहभागिता के लिए सीताराम श्याम ,अशोक आकाश ,जयकांत पटेल ,पुष्कर सिंह राज ,केशव साहू ,लतीफ खान,सरिता गौतम, तोषण चुरेंद्र,कन्हैया बारले, धर्मेंद्र श्रवण आदि ने शुभकामनाएं संप्रेषित की है।

---

# विधायक भेड़िया ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौण्डीलोहारा

मतगणना सूची पुनरीक्षण की जानकारी हेतु क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया गुरुवार को नगर के गायत्री चौक में पहुंचकर वार्ड के निवासियों के मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य संबधित बीएलओ से बिंदुवार जानकारी ली गई व किसी भी मतदाता का नाम न छुटे इसका विशेष ध्यान रखने कहा तथा घर घर जाकर जानकारी एकत्रित करने निर्देश दिया गया। बीएलओ के द्वारा जानकारी दी गई कि घर घर जाकर जानकारी पूर्व में दी जा चुकी है। अनेकों के फार्म सबमिट हो गए हैं तथा बचे हुए लोगों को जल्द से जल्द फार्म जमा करने जानकारी दी जा चुकी है। इस अवसर पर अनिल लोढ़ा, गोविंद चंद्राकर, राजेंद्र निषाद, राकेश सांखला, किशोर दीवान, जुगरु बघेल, डोमेंद्र साहसी, जागेश्वर साहू, ओमप्रकाश शर्मा सहित अनेक नगर वासी उपस्थित थे।

---

# राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय बना चिकित्सा प्रतिपूर्ति मान्यता प्राप्त आयुर्वेद संस्थान

**अंडा।** चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय चंदखुरी, दुर्ग को शासकीय सेवकों एवं उनके आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान कर दी है। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय प्रथम चिकित्सालय है। जिसे राज्य शासन ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान की है। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय से संलग्न चिकित्सालय सन दो हजार दो से अनवरत हैं। निःस्वार्थ मानव सेवा हेतु तत्पर रहने वाली चिकित्सा संस्थान है। चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभाग जिसमें मेडिसिन, पंचकर्म, स्त्री एवं प्रसुती रोग, बाल रोग, कान, नाक, गला तथा सर्जरी विभाग है। इसमें अतिरिक्त भर्ती



योग्य मरीजों हेतु साठ शैय्या युक्त अतिरिक्त रोगी विभाग स्थापित किये गए हैं। जिनकी विभागानुसार शैय्या की संख्या रखी गई हैं। चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सा की भी व्यवस्था हैं। साथ ही चिकित्सालय परिसर में ही दवाई, खुन पेशाब जांच हेतु पैथोलॉजी, फिजियोथैरेपी एम्बूलेंश भी न्युनतम दरें उपलब्ध हैं। बाह्य रोगी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सा द्वारा उपचार एवं परामर्श तथा भर्ती योग्य मरीजों की भर्ती कर उपचार किया जाता हैं। प्रबंध निदेशक आर साहू ने बताया कि प्रतिमाह सैकड़ों शासकीय सेवक तथा उनके आश्रित परिजनों का उपचार किया जाता है। शासन द्वारा राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सालय को चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु मान्यता प्रदान करने पर उनकों चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा तथा चिकित्सा में होने वाले खर्चे न्यूनतम हो जायेगा। उन्होने बताया कि चिकित्सालय चौबीस घंटे सातों दिन खुला रहता हैं तथा गंभीर मरीजों को त्वरित इलाज प्रदान करने के लिए आधुनिक चिकित्साओं की भी सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने बताया कि जीर्ण रोगों का उपचार हेतु मरीजों को कुछ दिनों तक भर्ती रहना होता है। इसलिए मरीजों एवं उनमें एक सहायक के ठहरने एवं उनकें भोजन की भी व्यवस्था की चिकित्सालय परिसर में की गई हैं।

---

# खुशी ने 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुसुमकसा

सेजेस कुसुमकसा की बाल वैज्ञानिक खुशी विश्वकर्मा ने 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भाग लेकर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और नवाचार आधारित मॉडल के लिए निर्णायकों, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों से विशेष प्रशंसा प्राप्त की। यह प्रदर्शनी 18 से 23 नवंबर तक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के तत्वाधान में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में आयोजित हुई।इस मॉडल को पहले राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी अंबिकापुर में प्रदर्शित किया गया था, जहां इसे श्रेष्ठ मॉडल में चयनित किया गया और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया गया। शाला के प्रभारी व्याख्याता तामसिंग पारकर ने बताया कि बाल वैज्ञानिकों का सम्मान समारोह और नेवता भोज का आयोजन किया गया। मार्गदर्शक व्याख्याता सोनल गुप्ता ने कहा कि यह सफलता ग्रामीण अंचल क्षेत्र में प्रतिभा को अवसर मिलने का परिणाम है।मुख्य अतिथि संजय बैस ने कहा कि यह जीत शाला की टीम भावना, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। प्राचार्य सुनीता यादव ने इसे प्रेरणादायक क्षण बताया, जबकि विशिष्ट अतिथि योगेंद्र कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक खेती पर आधारित इस मॉडल की सराहना की।

- नवाचार मॉडल से पाया विशेष सम्मान

इस उपलब्धि पर मंजू संजय बैस जनपद सदस्य, वेदबाई पिस्दा सरपंच, नितिन जैन उपसरपंच, डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष प्रबंध समिति, अनिल सुथार,मनीष जेठवानी, नईम कुरैशी, पंकज जेठवानी,पीटीआई लक्ष्मण गुरुंग शेषकुमार कोसमा, व्याख्यातागण संदीप नायक ,आमोद त्रिपाठी, सरिता पांडे ,रानू सोनी, शिवम गुप्ता, प्रियंका सिंह, भावना यादव, नदीम खान, त्रिशाला नोनहारे ,यामिनी नेताम, पूजा रात्रि, यशेष रावते ,अंकिता मानकर ,होमेश्वरी भेड़िया, गरिमा, समीक्षा ,भूपेश टंडन, प्रदीप, प्रवीण किरनापुरे प्रकाश धीवर आदि ने शुभकामनाएं दिए।

---

**सीएसआर फंड में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप**

# खनन क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों में विकास ठप, सरपंचों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दल्लीराजहरा/डोंडी।

दल्लीराजहरीपवर्ती छिनदगांव, आवरी, नरालगुड़ा, सूरडोंगर, बहमनी सहित 20 से अधिक ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने खनन क्षेत्र में सीएसआर फंड की भारी उपेक्षा को लेकर जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम के नेतृत्व में पहुंचे सरपंचों ने आरोप लगाया कि आरी डोंगरी खदान के 15 किलोमीटर दायरे में आने वाले ग्रामों में वर्षों से विकास कार्य ठप पड़े हैं, जबकि कंपनियों को खनन से अरबों की कमाई होती है।



प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र सरकार के नियमानुसार कंपनियों को खनन प्रभावित क्षेत्रों में ही सीएसआर राशि खर्च करनी होती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। ग्रामीणों के अनुसार न स्कूलों की स्थिति सुधरी, न स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ीं, न पेयजल की समस्या दूर हुई। कई गांवों में दूषित पानी, धूल प्रदूषण, सड़कों की बदहाली, रोजगार के अभाव और खेती पर संकट जैसी समस्याएं विकराल रूप ले चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सीएसआर और डीएमएफ दोनों मदों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हो रही है। कंपनी से राशि कागजों में खर्च दिखा दी जाती है, जबकि जमीन पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि खदानों ने जमीन, जंगल और जलस्रोत तो छीने ही, अब विकास भी लगातार उपेक्षित है। ज्ञापन में सरपंचों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सीएसआर फंड का पारदर्शी और वास्तविक उपयोग शुरू नहीं किया गया, तो गांवों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सड़क जाम, तालाबंदी, धरना और आमरण अनशन जैसे कदम भी शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने सीएसआर और डीएमएफ के वर्षों के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जनपद उपाध्यक्ष नेताम ने कहा कि कंपनियों का दायित्व है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करें।

---

# बाल दिवस पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



**अर्जुंदा।** नगर के प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल द्वारा बाल दिवस के अवसर पर खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। बच्चों ने दौड़, लंबी कूद, बिस्कुट रेस जैसे कई खेलों में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया था और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्रओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य जीएल सिन्हा, खेलप्रभारी टीसी पटेल, टीके साहू, एमएल साहू, एमके देशमुख, डीआर देवांगन, एमके सिन्हा, एनसी साहू सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### किसान के खलिहान से 15 कट्टा धान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मौसम की मार से फसल को बचाने के बाद धान मिंजाई कर रहे किसानों की समस्या अब भी कम नही हो रही है, अब किसान के धान पर चोरों की नजर पड़ गई है। खलिहान से रात के अंधेरे मे धान की चोरी होने लगी है। ग्राम चिचबोड मे ऐसा ही मामला सामने आया है। खलिहान में रखे धान में से लगभग 15 कट्टा धान चोर के द्वारा चुरा लिया गया। जिसके बाद पीड़ित किसान ात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिचबोड़ वार्ड 15 बाजार चौक के पास थाना रनचिरई निवासी तेजराम साहू पिता किशुन साहू 43 वर्ष ने पुलिस को बताया 25 नवंबर को मेरी पत्नि पार्वती साहू एवं मजदुर जयंती बाई, सरिता ग्राम चिचबोड कर्मा मंदिर के पीछे स्थित बाड़ी में धान का हुंडी बनाकर शाम को वापस आ गये थे, जो 26 नवंबर के सुबह 09 बजे जब पुनः बाड़ी में काम करने गये तो धान हुंडी में रखा धान कम दिखने पर आस पास पड़ताल किये तो देखे कि धान हुंडी के पास से पड़ोस के बाड़ी रास्ते में धान के दाने गिरे हुए दिख रहे थे, मेरे बाड़ी में रखे धान हुंडी का धान पान सरोना में से लगभग 15 कट्टा धान कम होना मजदुरो द्वारा बताया गया। किसी अज्ञात चोर ने धान हुंडी में से लगभग 15 कट्टा धान को चोरी कर ले गया है।

### पीड़ित परिवार से किया गाली गलौज, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** थाने में रिपोर्ट करने से नाराज युवको ने रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 01 राजहरा बाबा वार्ड निवासी शकिल कुरैशी ने पुलिस को बताया कि 26 नवंबर के रात्रि करीबन 10 बजे दुकान बंद करके अपनी पत्नी एवं भाई साहिल कुरैशी के साथ ठेला लेकर अपने घर की ओर जा रहा था, तभी श्रीकांत झा, ऋषभ झा, शुभम झा तीनों मिलकर हम लोगों के खिलाफ थाना मे रिपोर्ट किये हो कहकर गाली गलौज कर रहे थे वे हाथ मे लाठी डंडा पकडे.थे, मना करने पर आक्रोशित होकर ठेला को पलट दिये, जिससे ठेला मे रखा पैसा गिर गया, हम लोग वहां से जान बचाकर भाग गये।

### हिरवानी दूसरी बार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बने

**बालोद।** जिले में चंद्रेश हिरवानी को लगातार दूसरी बार जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हाईकमान ने उन पर भरोसा



जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के बाद शनिवार को बुधवारी बाजार स्थित उनके निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ता जश्न मनाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनके निवास से कांग्रेस भवन तक रैली निकाली, जिसमें चंद्रेश हिरवानी खुद ट्रैक्टर चलाते हुए शामिल हुए। रैली में उनका जोरदार स्वागत किया गया।मूल रूप से कृषक और लोकप्रिय नेता चंद्रेश हिरवानी के नाम पर जिले के तीनों विधायकों – अनिला भेडिया, संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद और पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा की सहमति महत्वपूर्ण रही। जिले में उनका सर्व स्वीकार्य व्यक्तित्व और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने की शैली कांग्रेस में नई ऊर्जा लाने वाली मानी जा रही है। जिला संगठन को नए सिरे से मजबूत करने और 2028 के विधानसभा चुनाव तक पार्टी के प्रभाव को पुनः शिखर पर पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी अब चंद्रेश हिरवानी के कंधों पर है।

### महिला-युवा प्रकोष्ठ सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोगों ने निभाई सहभागिता

# सेन समाज भवन निर्माण भूमि पूजन और पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





- समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती पर अतिथियों ने व्यक्त की प्रसन्नता

सेन नाई सामाजिक भवन निर्माण भूमि पूजन एवं सेन पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय बालोद के जुरींपारा वार्ड में 20 लाख रुपये के लागत से बनने वाली सेन सामाजिक भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन थे।

यशवंत जैन ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया बिष्णु देव साय को सेन समाज भवन हेतु 20 लाख रुपए स्वीकृत करने पर धन्यवाद प्रेषित किया और बालोद जिला सेन समाज के समाजिक एकता की सराहना की। अध्यक्षता करते भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने समाज के आराध्य गुरु संत नन्दा सेन महराज के आदर्शों पर चल कर समाज के उत्थान मे कार्य करने प्रेरित किया, विशिष्ट अतिथि फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन ने महिलाओ की उपस्थिति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बालोद जिले की सेन संगठन से पुरे प्रदेश को प्रेरणा मिलती है। छाया विधायक एवं पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने सेन समाज को भरपूर सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया। प्रदेश अध्यक्ष पुनित सेन एवं जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन कर सामाजिक परिचर्चा किया, कार्यक्रम में विशेष अतिथि कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत तोमन साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, पुर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद विकास चोपड़ा, पार्षद वार्ड 15 गोकुल ठाकुर की उपस्थिति रहीं।

द्वितीय चरण मे ज़िला सेन समाज एवं ब्लाक सेन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष केश शिल्पी कल्याण बोर्ड छग शासन नन्द कुमार सेन थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सेन समाज प्रदेश सचिव पुनित सेन ने किया। प्रदेशाध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बीएल कौशिक, लोकनाथ सेन, जिला अध्यक्ष दुर्ग भीखम सेन, जिला संरक्षक जगन कौशिक, जिलाध्यक्ष मोहला मानपुर राजहंस भारद्वाज, जिलाध्यक्ष धमतरी धनसिंह सेन, महिला प्रकोष्ठ दुर्ग कंचन कौशिक, जनपद सदस्यममता सेन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला पदाधिकारियों को केश शिल्पी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नन्द कुमार सेन ने सामाजिक पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाया एवं ब्लाक पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने शपथ दिलाया। कार्यक्रम एवं समारोह में जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने स्वागत भाषण किया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक एवं मंच संचालन ज़िला महासचिव लोचन सेन एवं नारद सेन ने किया। कार्यक्रम में जिला बालोद के जिला पदाधिकारी ब्लाक इकाई, महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ सैलून संघ, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ सहित बड़ी संख्या में सेन स्वजातीय महिला पुरुष उपस्थित थे। सेन समाज के भूमि खरीदीं से लेकर सरकार से भवन निर्माण हेतू राशि स्वीकृति तक इकाई सेन समाज बालोद सैलुन संघ बालोद के पदाधिकारियों का सहयोग रहा जिसके लिए सेन समाज जिला बालोद ने उनका अभिनंदन किया।

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी की तैयारियां तेज, अधिकारियों ने दुधली स्थल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- राज्य टीम ने किया विस्तृत निरीक्षण
- मार्किंग व निर्माण कार्य हेतु विभागों को दिशा–निर्देश,बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति

जिला मे होने वाले प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के आयोजन की तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं। जंबूरी स्थल ग्राम दुधली जिला बालोद में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर से राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख एवं जंबूरी स्थल निर्माण प्रभारी हेमंत देवांगन द्वारा पुनः स्थल का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संपूर्ण क्षेत्र का विस्तृत जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कल से मार्किंग कार्य एवं निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, डौंडी लोहारा के सीईओ, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी. द्वय नेमसिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर, मीडिया प्रभारी, ब्लॉक सचिव मिलन सिन्हा, ग्राम दुधली के सरपंच एवं उपसरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जंबूरी आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने सभी विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

# पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान अधिकारी ने दी किसानों को दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर/लाताबोड़

किसान धान की कटाई के बाद पराली को जला देते हैं, इससे प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है, पराली जलाने से जीव–जंतुओं और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, पराली का सही तरीके से उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है।

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीएल ठाकुर ने उक्त बातें कहते हुए किसानों से खेतों में पराली ना जलाने की अपील की है, उन्होंने पराली जलाने से होने वाले नुकसान को बताते हुए कहा कि कई किसान पराली को खेतों में जलाते हैं, जो न केवल खेत की उर्वरा शक्ति को नष्ट करता है, बल्कि मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीव–जंतु भी खत्म हो जाते हैं, इससे मृदा की उर्वरक क्षमता कम होती है, पराली जलाने से पत्तियों में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और मृदा के तापमान में वृद्धि होती है। इससे मिट्टी की जैविक संरचना पर भी बुरा असर पड़ता है साथ ही, वायु प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने बताया कि खेत में पराली जलाने से खेतों की मिट्टी में केंचुआ समेत कई तरह के जीव जंतु रहते हैं जो मिट्टी की उर्वर क्षमता और गुणवत्ता को लगातार बढ़ाते हैं, लेकिन खेत में पराली जलाने की गरमी से वे मर जाते हैं। ऐसे में मिट्टी की उर्वर क्षमता लगातार गिरती रहती है। इसलिए अगर मिट्टी की क्षमता को बनाए रखना है, तो पराली जलाना बंद कर देना चाहिए।

# केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने बेलौदी में पूर्व विधायक वीरेंद्र के पिता को दी श्रद्धांजलि

**बालोद/गुण्डरदेही/सिकोसा।** केंद्रीय राज्य मंत्री शहरी एवं आवास तोखन साहू ने ग्राम बेलौदी पहुंचकर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू के पूज्य पिता के शोक कार्यक्रम में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री के साथ इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, दोषण साहू, सौरभ जैन, राजू अग्रवाल सहित आस–पास के कई गांवों के सरपंच भी उपस्थित थे।



# जनपद अध्यक्ष सुनीता ने धनोरा व बोहारडीह धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने धनोरा एवं बोहारडीह धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं, धान तौल प्रक्रिया, टोकन वितरण व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र प्रभारी और स्टाफ से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। सुनीता साहू ने कहा कि किसानों को किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। तौल मशीनें पूरी तरह सही स्थिति में रहें, गुणवत्ता परीक्षण पूरी निष्पक्षता से किया जाए और टोकन वितरण समय पर व पारदर्शिता के साथ हो। उन्होंने यह भी बताया कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक किसान को निर्धारित समय पर उसका भुगतान अवश्य मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी हरिओम श्याम, संत कुमार श्रवण, सरपंच राजेंद्र साहू, जनपद सदस्य लक्ष्मी चंद साहू, चंद्रेश कुमार उपस्थित थे।

# विधायक ने किया नगर के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- किसानों की समस्याएं सुनीं



गुरुवार को नगर के सोसायटी में धान खरीदी सहित किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेने हेतु क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने किसानों से मुलाकात की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और किसानों से बातचीत करते हुए उनके परेशानियों को सुना व उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।समिति प्रबंधक से टोकन कटने संबधित जानकारी ली गई।समिति प्रबंधक बिंदा सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्तर प्रतिशत आनलाइन व तीस प्रतिशत ऑफलाइन से टोकन काटा जा रहा है।आज कुल 28 किसानों के धान सोसायटी में बिकने आए हैं। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो व उनकी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया गया। उसके पश्चात आदिमजाति सेवा सहकारी समिति के द्वारा बैग का वितरण विधायक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हस्तीमल सांखला,अनिल लोढा,गोविंद चंद्राकर, राकेश सांखला, राजेंद्र निषाद, जुगरू बघेल,सरोज पटेल, किशोर दीवान, डोमेन साहसी,रवि साहू साथ ही नगर पंचायत पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि डौंडीलोहारा सोसायटी में कुल 2223 पंजीकृत किसान हैं। जिसमें 143 किसानों से 4710 क्विंटल धान की खरीदी आज तारीख तक हो चुकी है। समिति प्रबंधक ने विधायक को जानकारी देते हुए कहा कि धान बेचने के तीसरे दिन किसानों के खातों में पेमेंट आ जाता है।

# कलार समाज का महोत्सव आज से शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



- कलंगपुर में कलार महोत्सव की धूम, कई जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर में आज छत्तीसगढ कलार सिन्हा समाज कलंगपुर के तत्वावधान मे कलार महोत्सव का आयोजन किया गया है। कलार महोत्सव स्थानीय बस स्टैंड के समीप सिन्हा सामुदायिक भवन पीछे मैदान में रखा गया है। जहां समाज के विभिन्न गतिविधियों का समावेश होगा।

जिसमे मुख्य रुप से जिला स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव जयंती, नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण, भवन में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा, रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होंगे। कलार महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम सत्र सुबह 9 बजे भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की शोभायात्र, गली भ्रमण व कलश यात्र, तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों का आगमन व सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की मूर्ति स्थापना से होगा। जिसमे मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री छत्तीसगढ शासन श्यामबिहारी जायसवाल करेंगे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलार सिन्हा समाज चमनलाल सिन्हा करेंगे। साथ ही आमंत्रित अतिथिगण अध्यक्ष योग आयोग छ ग शासन रुपनारायण सिन्हा, उपाध्यक्ष लघु वनोपज यज्ञदत्त शर्मा, विधायक महासमुंद विधानसभा योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा प्रदेश महामंत्रीयशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक राजेन्द्र राय, जिलाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा विजय सिन्हा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद कुमार जैन, अध्यक्ष भाजपा मंडल युवराज मार्कण्डेय उपस्थित रहेंगें। इसी तरह कलार महोत्सव के द्वितीय सत्र दोपहर 3 बजे से नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न होंगें और अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच सिन्हा समाज गोविन्द राम सिन्हा करेंगे साथ ही विशेष आमंत्रित अतिथिगण पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डौंडी लोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, कांग्रेस नेता पाटन ललित सिन्हा, चमन लाल सिन्हा, जसवंत सिन्हा, राजेश सिन्हा, टिकेन्द कुमार साहू, ओमप्रकाश गजेंद्र, अध्यक्ष महिला मंच सिन्हा समाज बालोद रेणुका गजेंद्र उपस्थित रहेंगे। इस कलार महोत्सव के अवसर पर अपना ब्लड सेंटर रायपुर एवं नवचेतना फाऊंडेशन नई दिशा नई सोच कलंगपुर के तत्वावधान मे रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है जिसमे प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट प्रदान किया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम मयारू दावना की मनमोहक प्रस्तुति भी रखी गई है। उक्त आयोजन की जानकारी कलार सिन्हा समाज के अध्यक्ष अर्जुन सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष सोमन सिन्हा ने दी।

### जगतरा टोल प्लाजा में सड़क सुरक्षा अभियान सैकड़ों चालकों की आंखों की जांच

# एनएच-30 टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज:गुरूर



राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–30 के टोल प्लाजा जगतरा पर सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बालोद जिले के नेत्र सहायक अधिकारियों की टीम द्वारा भारी वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर शिविर लगाकर किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालोद के निर्देशन में तथा सहायक नोडल अंधत्व अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नेत्र परीक्षण का कार्य 24 नवंबर से 29 नवंबर तक किया जा रहा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लंबी दूरी तय करने वाले ट्रक, बस एवं अन्य भारी वाहन चालकों की आंखों की जांच कर संभावित दृष्टि समस्याओं की पहचान करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में योगदान देना है। शिविर में दृष्टि शक्ति की जांच, रंग पहचान परीक्षण, रात में देखने की क्षमता का मूल्यांकन, मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों की प्रारंभिक जांच किए गए। टीम द्वारा जिन चालकों में दृष्टि दोष पाए गए, उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंदों को तुरंत आगे की चिकित्सा जांच हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास ने कहा कि सड़क सुरक्षा तभी संभव है जब वाहन चालक शारीरिक रूप से फिट हों और उनकी दृष्टि स्पष्ट हो। ऐसे शिविरों से न केवल दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होती हैं, बल्कि चालकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने यह भी बताया कि भविष्य में एनएच–30 सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी श्याम सुंदर देवांगन, छत्रपाल साहू, नोहर सिंह चुरेन्द्र, लाकेश्वर नेताम, टोल प्रभारी टिकेश्वर प्रसाद साहू, चौतन्य शर्मा व पुरूर थाना प्रभारी का विशेष सहयोग शिविर को मिल रहा।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग–सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

